**भारत सरकार**

**सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय**

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या : 1022**

**उत्तर देने की तारीख : 05.02.2026**

**एमएसएमई संबंधी विनियमन**

**1022. श्री केसिनेनी शिवनाथ :**

क्या **सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार ने विनियामक आवश्यकताओं, कराधान, गुणवत्ता मानकों और रिपोर्टिंग बाध्यताओं के कारण सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) के सामने आने वाली अनुपालन लागतों का मूल्यांकन करने के लिए कोई अध्ययन या आकलन किया है;

(ख) यदि हां, तो ऐसे अध्ययनों के संबंध में ब्यौरे सहित तत्संबंधी प्रमुख निष्कर्ष और उनके क्षेत्रवार प्रभाव क्या हैं;

(ग) एमएसएमई पर अनुपालन बोझ को कम करने के लिए डिजिटलीकरण उपाय और विनियामक सरलीकरण पहल सहित सरकार द्वारा उठाए गए कदमों का ब्यौरा क्या है;

(घ) विभिन्न केंद्रीय योजनाओं के तहत समर्थित इन्क्यूबेटरों की संख्या सहित सरकारी नेतृत्व वाले इन्क्यूबेटरों के माध्यम से एमएसएमई को प्रदान की गई इन्क्यूबेशन और मेंटरिंग सहायता का राज्यवार ब्यौरा क्या है; और

(ङ) देश में पंजीकृत आईटी-आधारित एमएसएमई की राज्यवार संख्या, और ऐसे उद्यमों का समर्थन करने वाले निजी और सरकारी नेतृत्व वाले इन्क्यूबेटरों की संख्या सहित उन्हें प्रदान की गई वित्तीय सहायता का ब्यौरा क्या है?

उत्तर

**सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम राज्य मंत्री**
**(सुश्री शोभा करांदलाजे)**

(क) से (ग): भारत सरकार ने एमएसएमई पर अनुपालन बोझ को कम करने के लिए डिजिटलीकरण उपायों और नियामक सरलीकरण पहलों सहित कई कदम उठाए हैं। उनमें से कुछ नीचे दिए गए हैं:

i. एमएसएमई के लिए पंजीकरण को सुगम बनाने के लिए दिनांक 01.07.2020 को उद्यम पंजीकरण पोर्टल की शुरुआत की थी। उद्यम पर पंजीकरण प्रक्रिया पूर्ण रूप से ऑनलाइन, कागज-रहित और स्व-घोषणा के आधारित है। मंत्रालय ने भारतीय लघु उद्योग विकास बैंक (सिडबी) के सहयोग से अनौपचारिक सूक्ष्म उद्यमों (आईएमई) को औपचारिक दायरे में लाने के लिए दिनांक 11.01.2023 को उद्यम असिस्ट प्लेटफॉर्म की शुरुआत की। इससे पंजीकृत आईएमई को प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र को दिए जाने वाले ऋण का लाभ प्राप्त कर सकते हैं।

ii. एमएसई के लिए सार्वजनिक खरीद नीति आदेश, 2012 से संबंधित व्यवसाय के साथ-साथ नागरिकों पर अनुपालन बोझ को कम करते हुए इस मंत्रालय की दिनांक 11 अगस्त, 2021 की अधिसूचना संख्या का.आ. 3237 (अ) द्वारा संबंधित 04 अनुपालनों को एक साथ मिलाकर अनुपालनों की संख्या 07 से घटाकर 04 कर दिया है। केंद्रीय मंत्रालयों/विभागों/केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र की उद्यमों (सीपीएसई) को जेम पोर्टल के माध्यम से खरीद के लिए सूक्ष्म और लघु उद्यमों (एमएसई) को विकसित करने पर केंद्रित वेंडर विकास कार्यक्रम या क्रेता-विक्रेता बैठकों का आयोजन करके उपयुक्त विक्रेताओं को विकसित करने के लिए आवश्यक कदम उठाने की आवश्यकता है।

iii. जैसाकि डीपीआईआईटी द्वारा सूचित किया गया है, राष्ट्रीय एकल खिड़की तंत्र विकसित किया गया है, जो भारत सरकार के विभिन्न मंत्रालयों/विभागों और राज्य सरकारों की मौजूदा क्लीयरेंस/नियामक तंत्र को एकीकृत करेगा।

iv. जैसाकि केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर और सीमा शुल्क, राजस्व विभाग द्वारा सूचित किया गया है सरकार ने देश में एमएसएमई को प्रोत्साहित करने के लिए विभिन्न पहलें/नीतिगत उपाय किए हैं। 40 लाख रुपए तक की वस्तुओं की आपूर्ति और 20 लाख रुपए तक की सेवाओं की आपूर्ति के लिए जीएसटी पंजीकरण की आवश्यकता नहीं है, वस्तुओं/ रेस्तरां सेवाओं और सेवा प्रदाताओं के लिए कंपोजिशन स्कीम, तिमाही रिटर्न मासिक भुगतान स्कीम आदि।

(घ) और (ड.): एमएसएमई मंत्रालय एमएसएमई चैंपियंस स्कीम के तहत एमएसएमई इनोवेटिव स्कीम का कार्यान्वयन करता है जो इन्क्यूबेशन, डिजाइन और बौद्धिक संपदा अधिकार (आईपीआर) के घटकों का एक मिश्रण है। स्कीम के इन्क्यूबेशन घटक का उद्देश्य एमएसएमई में नवीनतम तकनीकों को अपनाने और अप्रयुक्त रचनात्मकता को बढ़ावा देना और सहायता प्रदान करना है जो 'प्रूफ-ऑफ-कॉन्सेप्ट स्तर' पर अपने विचारों की पुष्टि चाहते हैं। विभिन्न केंद्रीय स्कीमों के तहत समर्थित इनक्यूबेटरों की संख्या सहित, सरकार के नेतृत्व वाले इनक्यूबेटरों के माध्यम से एमएसएमई को प्रदान किए गए इनक्यूबेशन और मार्गदर्शन सहायता के संबंध में राज्य-वार विवरण अनुबंध-I में दिया गया है।

इसके अतिरिक्त, विभिन्न मंत्रालय और विभाग स्टार्ट-अप इंडिया सीड फंड स्कीम (एसआईएसएफएस), टैक्नालॉजी इनक्यूबेशन और डेवलेपमेंट ऑफ एंटरप्रिन्यौर (टीआईडीईई 2.0), डोमेन स्पेसेफिक सेंटर ऑफ एक्सेलेंस (सीओई), राष्ट्रीय कृषि विकास योजना (आरकेवीवाई), एग्रीबिसनेस इनक्यूबेटर्स (आर-एबीआईएस), निधि टैक्नालॉजी बिसनेस इनक्यूबेटर (टीबीआई), अटल इनक्यूबेशन सेंटर (एआईसी), सॉफ्टवेयर टैक्नालॉजी पार्क्स ऑफ इंडिया (एसटीपीआई), एस्पायर के तहत लिविलिहुड बिसनेस इनक्यूबेटर्स (एलबीआई) और अन्य में बॉयोटैक्नालॉजी इंडस्ट्री असिस्टेंस काउंसिल (बीआईआरएसी) समर्थित इनक्यूबेटर्स जैसी पहलों के माध्यम से देश में इनक्यूबेशन सेंटर्स के विकास का संवर्धन कर रहे हैं।

आईटी-आधारित एमएसएमई सहित दिनांक 31.01.2026 तक देश में पंजीकृत एमएसएमई की राज्य-वार संख्या अनुबंध-II पर दी गई है।

*****

**अनुबंध-I**

इसकी शुरुआत से आज की तारीख तक स्कीम के तहत राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार अनुमोदित मेजबान संस्थान (एचआई) की संख्या, सहायता प्राप्त एचआई की राज्य-वार संख्या, अनुमोदित आईडिया की राज्य-वार संख्या नीचे सारणीबद्ध है:

| क्र.सं. | राज्य/संघ राज्य क्षेत्र | अनुमोदित एचआई की राज्य-वार संख्या | सहायता प्राप्त एचआई की राज्य-वार संख्या | अनुमोदित आइडिया की संख्या |
|---|---|---|---|---|
| 1 | आंध्र प्रदेश | 74 | 36 | 129 |
| 2 | अरूणाचल प्रदेश | 2 | 1 | 3 |
| 3 | असम | 6 | 3 | 6 |
| 4 | बिहार | 11 | 6 | 14 |
| 5 | चंडीगढ़ | 1 | 1 | 7 |
| 6 | छत्तीसगढ़ | 16 | 6 | 13 |
| 7 | दिल्ली | 10 | 4 | 16 |
| 8 | गोवा | 1 | 1 | 3 |
| 9 | गुजरात | 33 | 15 | 45 |
| 10 | हरियाणा | 12 | 6 | 13 |
| 11 | हिमाचल प्रदेश | 5 | 2 | 2 |
| 12 | जम्मू औ कश्मीर | 3 | 2 | 4 |
| 13 | झारखंड | 7 | 4 | 11 |
| 14 | कर्नाटक | 60 | 32 | 98 |
| 15 | केरल | 31 | 12 | 31 |
| 16 | मध्य प्रदेश | 45 | 11 | 22 |
| 17 | महाराष्ट्र | 69 | 37 | 87 |
| 18 | मेघालय | 3 | 2 | 4 |
| 19 | ओडिशा | 24 | 13 | 47 |
| 20 | पुडुचेरी | 2 | 2 | 3 |
| 21 | पंजाब | 14 | 4 | 15 |
| 22 | राजस्थान | 31 | 14 | 39 |
| 23 | सिक्किम | 1 | 0 | 0 |
| 24 | तमिलनाडु | 179 | 113 | 508 |
| 25 | तेलंगाना | 68 | 43 | 162 |
| 26 | त्रिपुरा | 2 | 1 | 1 |
| 27 | उत्तर प्रदेश | 32 | 19 | 67 |
| 28 | उत्तराखंड | 10 | 6 | 11 |
| 29 | पश्चिम बंगाल | 21 | 14 | 57 |
| | **सकल योग** | **773** | **410** | **1418** |

| दिनांक 01/07/2020 से 31/01/2026 तक उद्यम और यूएपी के तहत उद्यमों का राज्य-वार विवरण | | | | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| क्र. सं. | राज्य | सूक्ष्म | लघु | मध्यम | कुल | महिला | सामान्य | अ.जा. | अ.ज.जा. | अ.पि.व. | विनिर्माण | सेवा | ट्रेडिंग | रोजगार |
| 1 | अंडमान और निकोबार द्वीप समूह | 21,645 | 156 | 4 | 21,805 | 6,313 | 16,325 | 332 | 262 | 4,882 | 4,023 | 10,101 | 7,681 | 369,410 |
| 2 | आंध्र प्रदेश | 3,800,597 | 16,986 | 982 | 3,818,565 | 2,081,614 | 1,791,265 | 442,295 | 80,726 | 1,503,898 | 768,411 | 1,708,791 | 1,341,363 | 19,605,054 |
| 3 | अरुणाचल प्रदेश | 46,678 | 379 | 19 | 47,076 | 21,177 | 9,050 | 838 | 35,175 | 2,010 | 13,977 | 10,510 | 22,589 | 272,578 |
| 4 | असम | 1,450,337 | 6,695 | 519 | 1,457,551 | 523,300 | 877,486 | 126,280 | 134,998 | 318,668 | 417,995 | 374,559 | 664,997 | 9,904,891 |
| 5 | बिहार | 4,126,666 | 11,974 | 583 | 4,139,223 | 1,915,215 | 1,637,648 | 370,934 | 79,473 | 2,050,787 | 740,409 | 1,234,696 | 2,164,118 | 16,743,707 |
| 6 | चंडीगढ़ | 77,515 | 1,263 | 132 | 78,910 | 20,297 | 64,268 | 8,676 | 441 | 5,474 | 11,226 | 35,083 | 32,601 | 430,835 |
| 7 | छत्तीसगढ़ | 1,304,567 | 8,344 | 720 | 1,313,631 | 560,675 | 525,046 | 133,029 | 127,467 | 527,985 | 234,779 | 423,832 | 655,020 | 4,378,337 |
| 8 | दिल्ली | 1,387,179 | 28,418 | 2,751 | 1,418,348 | 377,949 | 1,154,839 | 102,130 | 8,009 | 152,315 | 314,475 | 491,168 | 612,705 | 8,870,375 |
| 9 | गोवा | 126,553 | 1,121 | 77 | 127,751 | 49,345 | 102,199 | 2,633 | 5,257 | 17,631 | 26,697 | 63,404 | 37,650 | 485,494 |
| 10 | गुजरात | 4,207,089 | 54,125 | 4,225 | 4,265,439 | 1,152,020 | 2,753,039 | 240,547 | 198,430 | 1,072,447 | 1,148,434 | 1,346,814 | 1,770,191 | 16,679,892 |
| 11 | हरियाणा | 1,929,969 | 23,022 | 1,763 | 1,954,754 | 542,922 | 1,205,443 | 284,772 | 11,355 | 452,711 | 393,185 | 713,169 | 848,400 | 9,397,933 |
| 12 | हिमाचल प्रदेश | 332,203 | 2,572 | 209 | 334,984 | 76,972 | 229,526 | 62,336 | 13,991 | 29,065 | 63,605 | 121,332 | 150,047 | 1,431,323 |
| 13 | जम्मू और कश्मीर | 815,822 | 3,220 | 215 | 819,257 | 193,571 | 687,375 | 55,453 | 32,459 | 43,912 | 262,796 | 266,470 | 289,991 | 3,223,053 |
| 14 | झारखंड | 1,510,829 | 5,904 | 356 | 1,517,089 | 701,770 | 704,364 | 111,225 | 96,052 | 605,256 | 229,532 | 487,429 | 800,128 | 6,120,597 |
| 15 | कर्नाटक | 4,840,286 | 31,489 | 2,293 | 4,874,068 | 2,128,934 | 2,465,353 | 519,710 | 202,756 | 1,685,221 | 1,059,260 | 2,337,359 | 1,477,449 | 26,321,956 |
| 16 | केरल | 1,787,781 | 12,923 | 768 | 1,801,472 | 832,056 | 946,936 | 83,074 | 8,558 | 762,493 | 468,497 | 780,220 | 552,755 | 6,216,724 |
| 17 | लद्दाख | 19,745 | 114 | 3 | 19,862 | 6,101 | 1,728 | 158 | 17,869 | 107 | 6,872 | 7,042 | 5,948 | 58,134 |
| 18 | लक्षद्वीप | 2,431 | - | - | 2,431 | 579 | 55 | 7 | 2,288 | 81 | 763 | 856 | 812 | 7,384 |
| 19 | मध्य प्रदेश | 4,673,947 | 19,811 | 1,179 | 4,694,937 | 1,648,570 | 1,585,857 | 616,055 | 320,906 | 2,171,746 | 792,141 | 1,316,509 | 2,586,287 | 15,185,492 |
| 20 | महाराष्ट्र | 9,815,933 | 74,542 | 6,893 | 9,897,368 | 3,522,246 | 6,468,329 | 912,939 | 262,144 | 2,251,906 | 2,042,677 | 3,809,646 | 4,045,045 | 33,660,613 |
| 21 | मणिपुर | 172,958 | 424 | 18 | 173,400 | 96,884 | 95,078 | 10,429 | 29,319 | 38,529 | 74,995 | 49,058 | 49,347 | 840,443 |
| 22 | मेघालय | 70,438 | 412 | 32 | 70,882 | 35,577 | 14,787 | 1,263 | 53,662 | 1,165 | 15,718 | 24,008 | 31,156 | 384,421 |
| 23 | मिजोरम | 50,709 | 212 | 9 | 50,930 | 29,896 | 3,193 | 283 | 47,342 | 109 | 10,589 | 11,527 | 28,814 | 267,777 |
| 24 | नागालैंड | 72,503 | 176 | 16 | 72,695 | 37,422 | 13,387 | 1,013 | 56,762 | 1,524 | 19,413 | 19,010 | 34,272 | 307,022 |

| | | | | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 25 | ओडिशा | 2,341,171 | 10,022 | 607 | 2,351,800 | 1,029,723 | 1,251,751 | 292,248 | 131,091 | 676,488 | 493,593 | 752,267 | 1,105,940 | 11,432,359 |
| 26 | पुडुचेरी | 105,645 | 666 | 59 | 106,370 | 51,815 | 53,399 | 6,249 | 288 | 46,406 | 20,642 | 50,698 | 35,030 | 427,534 |
| 27 | पंजाब | 2,066,029 | 16,914 | 1,226 | 2,084,169 | 648,281 | 1,484,148 | 397,756 | 6,382 | 195,527 | 450,114 | 758,041 | 876,014 | 9,200,524 |
| 28 | राजस्थान | 4,289,863 | 27,205 | 1,659 | 4,318,727 | 1,062,751 | 1,486,996 | 541,137 | 254,768 | 2,035,095 | 1,183,324 | 1,363,209 | 1,772,194 | 18,736,751 |
| 29 | सिक्किम | 35,079 | 164 | 13 | 35,256 | 18,233 | 13,294 | 2,402 | 9,425 | 10,134 | 8,591 | 12,835 | 13,830 | 142,336 |
| 30 | तमिलनाडु | 6,008,953 | 39,259 | 2,822 | 6,051,034 | 2,676,776 | 3,936,020 | 416,827 | 27,626 | 1,669,105 | 1,501,993 | 2,688,018 | 1,861,023 | 31,443,163 |
| 31 | तेलंगाना | 3,702,077 | 20,182 | 1,783 | 3,724,042 | 2,042,557 | 1,419,135 | 455,631 | 238,823 | 1,609,835 | 511,023 | 1,670,621 | 1,542,398 | 20,436,757 |
| 32 | दादरा और नगर हवेली तथा दमन और दीव | 33,931 | 916 | 135 | 34,982 | 8,856 | 25,588 | 1,063 | 2,977 | 5,339 | 7,785 | 13,532 | 13,665 | 292,764 |
| 33 | त्रिपुरा | 308,198 | 701 | 47 | 308,946 | 198,289 | 135,858 | 65,163 | 46,529 | 61,388 | 54,847 | 95,606 | 158,493 | 1,254,789 |
| 34 | उत्तर प्रदेश | 8,267,274 | 40,249 | 2,648 | 8,310,171 | 2,558,494 | 3,441,294 | 1,068,831 | 70,016 | 3,728,843 | 1,634,621 | 2,264,645 | 4,410,905 | 36,414,370 |
| 35 | उत्तराखंड | 624,035 | 4,040 | 273 | 628,348 | 190,885 | 399,806 | 70,557 | 10,846 | 147,019 | 108,037 | 211,653 | 308,658 | 2,742,055 |
| 36 | पश्चिम बंगाल | 5,159,958 | 24,088 | 1,778 | 5,185,824 | 2,982,691 | 4,172,710 | 627,625 | 59,158 | 325,758 | 861,910 | 1,750,882 | 2,573,032 | 21,560,709 |
| | कुल:- | 75,586,593 | 488,688 | 36,816 | 76,112,097 | 30,030,756 | 41,172,575 | 8,031,900 | 2,683,630 | 24,210,859 | 15,956,949 | 27,274,600 | 32,880,548 | 335,247,556 |
| रिपोर्ट की तारीख: 03/02/2026 अपराह्न 12:20 बजे | | | | | | | | | | | | | | |